# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 174 / /एके0/MSU/2025–26 दिनांक : 19-06-24

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

सेवा में,

01. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. शैक्षणिक समन्वयक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम प्रातः 08:00 बजे से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश के संलग्न पत्र संख्या–ई–4299/32–जी0एस0/2025, दिनांक 18 जून, 2025, सचिवालय के पत्र संख्या–ई–3458/32–जी0एस0/2025, दिनांक 27 मई, 2025 एवं पत्र संख्या–ई–4101/32–जी0एस0/2025, दिनांक 11 जून, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा0 कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा एवं निर्देश के अनुपालन में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21.06.2025) के अवसर पर "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम प्रातः 08:00 बजे से कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशानुसार विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21.06.2025) के अवसर पर **"एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम आयोजित कराते हुये कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव में तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप में दिनांक 22.06.2025 तक विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें,** जिससे की सूचना संकलित कर ससमय राज्यपाल सचिवालय को उपलब्ध करायी जा सके।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,
19-6-25
(कमल कृष्ण)
का0 कुलसचिव

**प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
02. विशेष कार्याधिकारी श्री राज्यपाल के निजी सचिव को विशेष कार्याधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ।
03. परीक्षा नियंत्रक।
04. वित्त अधिकारी।
05. समस्त सहायक कुलसचिव।
06. प्रो0 सुधीर पुण्डीर, संयोजक, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025।
07. प्रो0 सन्दीप गुप्ता, नोडल अधिकारी, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025।
08. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को भौतिक रूप से संकलित कर कुलसचिव कार्यालय में दिनांक 23.06.2025 के अपरान्ह् 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
09. डॉ0 गितिका, अतिथि प्रवक्ता, विश्वविद्यालय परिसर।

सहायक कुलसचिव

V.CO/55
19/06/025
ई–मेल

**राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,**
**लखनऊ–226027**

पत्रांकःई– 4299 / 32–जी0एस0 / 2025
दिनांकः 18 जून, 2025

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति / निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम प्रातः 08:00 बजे से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

माननीया कुलाधिपति महोदया जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 05.05.2025 एवं इस सचिवालय के पत्र संख्याःई–3458 / 32–जी.एस. / 2025, दिनांक 27.05.2025 तथा पत्र संख्याःई–4101 / 32–जी.एस. / 2025, दिनांक 11.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. माननीय कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा एवं निर्देश के अनुपालन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21.06.2025) के अवसर पर राजभवन सहित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ "सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम आयोजित करते हुए विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाना है।

3. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि **"सूर्य नमस्कार योग मुद्रा"** कार्यक्रम **प्रातः 08:00 बजे से 08:10 बजे तक** आयोजित कराया जायेगा। कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, महाविद्यालयों से प्राप्त आख्या साफ्ट कापी में पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप से दिनांक 24 जून, 2025 तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**( डॉ. पंकज एल. जानी )**
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

Registrar
For circulating among Colleges, Campus & Prof Sandeep Gupta, Dr Ram Kumar (NSS Coordinator) Dr. Nitika
18/6/25 कुलपति